प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. ब्रिक्स देशों ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ दोहराई प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा – आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती।
2. पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भोगनाडीह की घटना को बताया राज्य सरकार की विफलता, कहा – सिद्धू–कान्हू के वंशजों का किया गया अपमान।
3. हजारीबाग में मोहर्रम जुलूस के दौरान हुआ बड़ा हादसा, आग के साथ खेल प्रदर्शन में लगभग 15 लोग झुलसे, महिलाएं और बच्चे अधिक प्रभावित।
4. चतरा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पंचायत प्रतिनिधि निभाएंगे अहम भूमिका, नशा मुक्त पंचायत बनाने वाले मुखिया को मिलेगा प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार।
5. मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में आज भारी बारिश के साथ अचानक बाढ़ का जारी किया अलर्ट, रांची समेत कई इलाकों में अगले 24 घंटे को बताया संवेदनशील।

*********************

ब्रिक्स देशों के नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। ब्राजील के रियो दि जिनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के घोषणा–पत्र में 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के समक्ष सर्वाधिक गंभीर चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के शिकार लोगों और इसे शह देने वालों को एक स्तर पर नहीं रखा जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए।

*********************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भोगनाडीह की घटना को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला और कहा कि सरकार को सिद्धू–कान्हू के वंषजों का सम्मान करना चाहिए था, लेकिन उन पर लाठियां बरसाई गईं। घाटशिला में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भोगनाडीह का कार्यक्रम कोई राजनीतिक आयोजन नहीं था, यह हर साल सिद्धू–कान्हू के वंषजों द्वारा आयोजित किया जाता है। साथ ही श्री सोरेन ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत इंटर की पढ़ाई बंद करने को लेकर भी सरकार पूरी तरह विफल रही है।

*********************

हजारीबाग जिले के तुरांव–पौता गांव में मोहर्रम जुलूस के दौरान आग के साथ खेल प्रदर्शन के वक्त हुए एक बड़े हादसे में लगभग 15 लोग झुलस गए। इस हादसे में महिलाएं और बच्चे अधिक प्रभावित हुए। विधायक प्रतिनिधि साहिल कुमार ने कहा कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और गंभीर रूप से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया।

*********************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसकी मुख्य वजह चांडिल बाईपास एनएच–32 का अब तक चालू न होना है। दुकानदारों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक बाजार नहीं पहुंच पा रहे, जिससे व्यापार पर बुरा असर पड़ा है। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने 15 जून तक सड़क चालू कराने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

*********************

चतरा जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान में अब पंचायत प्रतिनिधि भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। पंचायत प्रतिनिधियों को मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रशिक्षित किया गया है। उपायुक्त कीर्ति श्री जी और पुलिस अधीक्षक सुमीत अग्रवाल ने कहा कि नशा मुक्त गांव और प्रखंड बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जिला प्रशासन ने घोषणा

की है कि अफीम की अवैध खेती नशा मुक्त पंचायत बनाने वाले मुखिया को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

*********************

रांची जिले के पहाड़ी मंदिर में सावन में भक्तों को किसी भी तरह की असुविधा ना हो इसकी तैयारी की जा रही है।

*********************

मिले जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार सूचकांक आज मामूली गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 75 अंक गिरकर 83 हजार 357 पर और निफ्टी 18 अंक गिरकर 25 हजार 443 पर कारोबार कर रहे थे।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत नब्बे हजार चार सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 13 हजार रूपये है।

*********************

मौसम विभाग रांची ने राज्य के आठ जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही फ्लैश फ्लड गाइडेंस सेल ने रांची समेत 12 जिलों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी है। इसमें रांची, गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और बोकारो जिले बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में मानसून ट्रफ फिलहाल डालटनगंज से होकर गुजर रहा है, जिससे इन इलाकों में तेज बारिश का असर दिखेगा। कई जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश की आशंका है। अब तक झारखंड में 417.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 69 प्रतिशत अधिक है।

*********************

बीजिंग में एशियाई पारा तीरंदाजी चौंपियनशिप में हरविंदर सिंह ने दो स्वर्ण पदक जीते भारत चीन के बाद पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है, भारत ने तीन स्वर्ण तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। वहीं, महिला कंपाउंड टीम में भारत की शीतल देवी और ज्योति ने भी चीन की लू झांग और जिंग झाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

********************